Title: Need to provide stoppage of some express trains at Kaushambi and Fatehpur railway stations in Uttar Pradesh.

डॉ. अशोक पटेल (फतेहपुर) : महोदय, जनपद इलाहाबाद-कानपुर के बीच जनपद कौशाम्बी और फतेहपुर हैं। इन जनपदों से होकर अनेक गाड़ियां गुजरती हैं, परन्तु ठहराव न होने के कारण इन जनपदवासियों को अजमेर, जोधपुर तथा बीकानेर की ओर जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इन गाड़ियों में से कुछ गाड़ियों का ठहराव फतेहपुर तथा कौशाम्बी स्टेशनों पर किया जाना चाहिए ताकि फतेहपुर-कौशाम्बी से अजमेर, जोधपुर तथा बीकानेर की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों की कठिनाइयों को दूर किया जा सके।